AUSTRALIAN COMPETITION & CONSUMER COMMISSION

**Hindi Translation**

# विदेशी धन खरीदना और बेचना

बैंकों के अलावा, विदेशी मुद्रा सेवाओं के और भी बहुत से आपूर्तिकर्ता हैं। हम सुझाव देते हैं कि आप भिन्न-भिन्न आपूर्तिकर्ताओं की तुलना करें और सबसे अच्छी कीमत हासिल करने के लिए इनके बीच परिवर्तन करने के लिए तैयार रहें।


- Shop around (अलग-अलग आपूर्तिकर्ताओं से खरीदारी करना)
- Sending money overseas (विदेश में पैसा भेजना)
- Travelling overseas (विदेश यात्रा करना)
- Debit and credit cards (डेबिट और क्रेडिट कार्ड्स)
- Travel money cards (ट्रेवल मनी कार्ड्स)
- Foreign cash (विदेशी नकदी)
- Shopping online (ऑनलाइन खरीदारी करना)
- If it's not right, use your rights (यदि यह सही नहीं है, तो अपने अधिकारों का प्रयोग करें)
- More information (अधिक जानकारी)


## अलग-अलग आपूर्तिकर्ताओं से खरीदारी करना

निष्ठा के कारण किसी आपूर्तिकर्ता का प्रयोग करने से आपको नुकसान हो सकता है। हमारी **foreign currency conversion services inquiry** (विदेशी मुद्रा रूपांतरण सेवा जांच) ने पाया कि विदेशी नकदी और **international money transfers (IMTs)** (इंटरनेशनल मनी ट्रांसफर) के लिए चार बड़े बैंक अन्य आपूर्तिकर्ताओं की तुलना में लगातार अधिक महंगे हैं। युनाइटेड स्टेट्स डॉलरों (**USD**) या ग्रेट ब्रिटिश पाउंड्स (**GBP**) जैसी सामान्य मुद्राओं के लिए चार बड़े बैंक दुर्लभ ही कभी सबसे सस्ते विकल्प होते हैं।

### तुलना करने वाली वेबसाइट्स

यदि आप किसी वाणिज्यिक तुलना करने वाली वेबसाइट का प्रयोग करते/करती हैं, तो यह जान लें कि हो सकता है कि कुछ साइटें स्वतंत्र न हों और आपूर्तिकर्ता अपनी सेवाओं का प्रसार करने के लिए भुगतान कर सकते हैं। हो सकता है कि तुलना करने वाली वेबसाइट्स में सभी उपलब्ध सेवाएँ शामिल न हों।

**IMTs** के लिए तुलना करने वाली सरकारी तौर पर वित्तपोषित दो वेबसाइट्स हैं: **www.sendmoneypacific.org** और **www.saverasia.com**, जो कई दक्षिणी-पूर्वी एशियाई और पेसिफिक आइलैंड देशों को उपलब्ध **IMT** सेवाओं की कीमतों की तुलना करती हैं।

### कुल कीमत की तुलना करें

सेवाओं और आपूर्तिकर्ताओं की तुलना करते समय, कीमत के सभी पहलुओं पर विचार करें, इसमें रिटेल एक्सचेंज़ रेट तथा कोई भी शुल्क शामिल हैं। केवल इसलिए कि किसी सेवा को 'शुल्क मुक्त' के तौर पर विज्ञापित किया गया है, इसका यह अर्थ नहीं है कि यह सबसे सस्ता विकल्प होगा।

भिन्न-भिन्न आपूर्तिकर्ताओं के भिन्न-भिन्न एक्सचेंज़ रेट होते हैं और ये दुर्लभ ही कभी समाचारों में सूचित एक्सचेंज़ रेट जितने अच्छे होते हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि इनमें मुनाफ़ा या मूल्यवृद्धि शामिल होती है।

सटीक तुलना के लिए, एक ही दिन एक ही समय पर कीमतों की तुलना करें, जैसे कि आपूर्तिकर्ता वेबसाइट्स पर। कुछ आपूर्तिकर्ता छूट की पेशकश भी कर सकते हैं, विशेषकर बड़ी या दोहराए जाने वाले ट्रांजेक्शनों (लेन-देन) पर।

### ऑनलाइन खरीदें

ग़ौर करें कि क्या आप IMTs, विदेशी नकदी और ट्रेवल मनी कार्ड्स की अपनी खरीद ऑनलाइन तरीके से कर सकते/सकती हैं, क्योंकि कई आपूर्तिकर्ता ऑनलाइन की गई मुद्रा खरीद के लिए बेहतर रिटेल एक्सचेज़ रेट्स और कम शुल्क की पेशकश करते हैं। विदेशी नकदी अन्य स्थानों की बजाए एयरपोर्ट पर खरीदनी और अधिक महंगी होती है।

## विदेश में पैसा भेजना

IMT या प्रेषण सेवाओं के लिए अलग-अलग आपूर्तिकर्ताओं के यहाँ खरीदारी करना विशेष तौर पर महत्वपूर्ण है। हमें अलग-अलग IMT आपूर्तिकर्ताओं के बीच कीमतों में बड़े अंतर का पता चला और यदि आप नियमित तौर पर किसी IMT सेवा के माध्यम से बड़ी-राशि का ट्रांजेक्शन प्रेषित करते/करती हैं तो बचत अत्यधिक हो सकती है।

हमारे शोध से पता चला कि उपभोक्ता USD7000 के ट्रांसफर पर तब AUD500 तक की बचत कर सकते हैं यदि वे सस्ती सेवा के लिए अलग-अलग स्थान पर खरीदारी करें।

हमें यह भी पता चला कि बैंक ही केवल सुरक्षित विकल्प नहीं हैं और हमेशा सबसे तेज़ डिलीवरी की पेशकश नहीं करते हैं।

### अतिरिक्त शुल्क

IMT सेवाओं के लिए खरीदारी करते समय, आपूर्तिकर्ताओं से पूछें कि क्या आपके द्वारा ट्रांसफर की जाने वाली धन-राशि में से किसी शुल्क की कटौती की जाएगी। इन्हें अक्सर संवाददाता बैंकिंग शुल्क कहा जाता है।

यदि शुल्क की कटौती की जाएगी, तो आपूर्तिकर्ता से निम्नलिखित पूछें:

- धन-राशि का अनुमान जो प्राप्तकर्ता को डिलीवर किया जाएगा (कुछ आपूर्तिकर्ताओं के पास ऑनलाइन टूल होता है जिससे आप ऐसा कर पाते हैं)
- क्या आप अग्रिम रूप से (अपफ्रंट) सारे शुल्कों का भुगतान कर सकते/सकती हैं क्योंकि यह बेहतर मूल्य विकल्प हो सकता है
- क्या प्राप्तकर्ता का बैंक शुल्क भी चार्ज करेगा।

## विदेश यात्रा करना

विदेश यात्रा करने से पहले, विदेश में आपकी मौजूदगी के दौरान ट्रांजेक्शन करने के लिए उपलब्ध अलग-अलग विदेशी मुद्रा सेवाओं पर ग़ौर करें।

विदेश यात्रा करने के लिए भुगतान के तरीके का चयन करते समय ग़ौर करने के लिए चार मुख्य कारक है:

1. स्वीकृति – क्या भुगतान का तरीका विदेशी डेस्टिनेशन में व्यापक रूप से स्वीकार किया जाने वाला तरीका है?
2. कीमत की निश्चितता – क्या आपको पता होगा कि कुल कीमत कितनी होने वाली है?
3. सुविधा – इसका परिवहन और प्रयोग करना कितना आसान होगा?
4. सुरक्षा – यदि यह गुम या चोरी हो जाए तो क्या होता है?

## डेबिट और क्रेडिट कार्ड्स

डेबिट या क्रेडिट कार्ड आम-तौर पर विदेश में खरीद करने के लिए सबसे सस्ता विकल्प होता है, उन क्रेडिट और डेबिट कार्डों के लिए यह बात और भी अधिक सही है जो इंटरनेशनल ट्रांजेक्शन शुल्क नहीं लेते हैं।

हमारे शोध से पता चला:

- यदि चार बड़े बैंकों के उपभोक्ता ने ट्रेवल मनी कार्ड की बजाए इंटरनेशनल ट्रांजेक्शन शुल्क के बिना वाले डेबिट या क्रेडिट कार्ड का प्रयोग करते हैं, तो वे **USD200** की खरीद पर **AUD13** तक की बचत कर सकते हैं
- बचत उन डेबिट या क्रेडिट कार्ड्स के लिए और कम होती है जिन पर इंटरनेशनल ट्रांजेक्शन फीस लागू होती है। चार बड़े बैंकों के उपभोक्ता तब **USD200** की खरीद पर **AUD5** तक की बचत कर सकते हैं यदि वे ट्रेवल मनी कार्ड की बजाए किसी 'सामान्य' डेबिट या क्रेडिट कार्ड का प्रयोग करते हैं।

आपको कार्ड का चयन करते समय सभी शुल्कों पर विचार करना चाहिए। डेबिट और क्रेडिट कार्डों के साथ कई अन्य प्रकार के शुल्क भी जुड़े होते हैं, जैसे कि क्रेडिट कार्ड पर वार्षिक शुल्क और ब्याज प्रभार।

डेबिट या क्रेडिट कार्ड सामान्यत: ट्रेवल मनी कार्ड और विदेशी नकदी के समान रिटेल एक्सचेंज़ रेट्स पर समान निश्चितता प्रदान नहीं करते हैं। हो सकता है कि अपने डेबिट या क्रेडिट कार्ड से खरीद करते समय आपको रिटेल एक्सचेंज़ रेट पता न हो, जबकि जब आप ट्रेवल मनी कार्ड में विदेशी मुद्रा लोड करते/करती हैं या विदेशी नकदी खरीदते हैं, तब आपको इसकी जानकारी होती है।

### ऑस्ट्रेलियाई डॉलरों में भुगतान करना अधिक महंगा हो सकता है

डेबिट या क्रेडिट कार्ड का प्रयोग करते समय, कुछ व्यापारी आपको ऑस्ट्रेलियाई डालरों या किसी दूसरी मुद्रा में भुगतान करने का विकल्प दे सकते हैं। इसे **Dynamic Currency Conversion** (गतिशील मुद्रा रूपांतरण) कहते हैं। ऑस्ट्रेलियाई डॉलरों में भुगतान करना और अधिक महंगा विकल्प हो सकता है।

यदि कोई विदेशी बैंक ट्रांजेक्शन को प्रोसेस करता है और विदेशी मुद्रा रूपांतरण करता है, तो वह आम-तौर पर ट्रांजेक्शन पर मुनाफ़ा कमाने के लिए एक्सचेंज़ रेट पर मुनाफ़ा या मूल्यवृद्धि जोड़ेगा। साथ ही, ऑस्ट्रेलियाई डॉलरों में भुगतान करने के बावजूद, हो सकता है कि आपका कार्ड जारीकर्ता आपसे इसलिए इंटरनेशनल ट्रांजेक्शन शुल्क ले क्योंकि ट्रांजेक्शन विदेश में हुआ था।

## ट्रेवल मनी कार्ड्स

आपूर्तिकर्ता के आधार पर, ट्रेवल मनी कार्ड्स से जुड़े कई शुल्क उन्हें अन्य सेवाओं की तुलना में और अधिक महंगा बना सकते हैं, जिनमें ये शामिल हैं:

- स्टोर में कार्ड खरीदने के लिए शुल्क
- **ATM** (ए.टी.एम.) शुल्क
- निष्क्रियता और समापन शुल्क।

उस परिस्थिति में ट्रेवल मनी कार्ड विशेष तौर पर एक महंगा विकल्प होगा जब इसका प्रयोग किसी ऐसी मुद्रा में ट्रांजेक्शन के लिए किया जाता है जो कार्ड में लोड नहीं होती है।

हमारे शोध से पता चला कि यदि चार बड़े बैंक में से किसी एक से जुड़े ट्रेवल मनी कार्ड धारक ने मई 2019 में विदेशी **ATM** से **GBP** में **AUD100** के समान राशि विदड्रा की (निकाली), और **GBP** ट्रेवल मनी कार्ड पर पहले से लोड नहीं था, तो उससे करीब **GBP2** (लगभग **AUD3.70**) का **ATM** शुल्क और साथ ही मुद्रा रूपांतरण शुल्क का 5.25 प्रतिशत लिया जाएगा। इस ट्रांजेक्शन का कुल शुल्क करीब **AUD8.90** या ट्रांजेक्शन राशि का करीब 9 प्रतिशत होगा।

## विदेशी नकदी

हालाँकि खरीद के लिए ट्रेवल मनी कार्ड्स और डेबिट या क्रेडिट कार्ड्स का प्रयोग करने की तुलना में विदेशी नकदी अपेक्षाकृत अधिक महंगी प्रतीत होती है, परन्तु यह कुछ विदेशी डेस्टिनेशन्स के लिए अत्यावश्यक हो सकती है। कुछ स्थानों

में, डेबिट, क्रेडिट और ट्रेवल मनी कार्ड्स व्यापक रूप से स्वीकार्य नहीं होते हैं और खरीद के लिए नकदी की ज़रूरत होती है।

विदेश में विदेशी धन विदड्रा करने (निकालने) के लिए अपने ट्रेवल मनी, डेबिट या क्रेडिट कार्ड का प्रयोग करने से पहले सभी लागू शुल्कों की जांच करें। हो सकता है कि कार्ड जारीकर्ताओं और विदेशी **ATM** ऑपरेटरों द्वारा लिए जाने वाले अलग-अलग शुल्कों के कारण ऑस्ट्रेलिया में विदेशी नकदी खरीदने की तुलना में इन कॉर्ड्स का प्रयोग करने का अधिक खर्चा हो। क्रेडिट कार्ड का प्रयोग करके अग्रिम (एडवांस्ड) रूप से  नकद निकालने के लिए भी शुल्क और ब्याज शुल्क लिया जा सकता है।

### एयरपोर्ट पर प्रयोग से बचें

विदेशी नकदी अन्य स्थानों की तुलना में एयरपोर्ट के स्थानों पर और अधिक महंगी होती है। धन की बचत करने के लिए एयरपोर्ट पर जाने से पहले अलग-अलग जगह खरीदारी करके विदेशी नकदी खरीदें।

हमारे शोध से पता चला कि फरवरी 2019 में **USD200** खरीदने वाले उपभोक्ता एयरपोर्ट पर सबसे अधिक मंहगे आपूर्तिकर्ता से इसे खरीदने की तुलना में एयरपोर्ट से अतिरिक्त किसी अन्य स्थान पर सबसे सस्ते आपूर्तिकर्ता से इन्हें खरीदकर **AUD40** की बचत कर सकते थे।

## ऑनलाइन खरीदारी करना

यदि आप नियमित तौर पर ऑस्ट्रेलिया से विदेशी खरीद करते/करती हैं या विदेशी यात्रा करते/करती हैं, तो आपको इंटरनेशनल ट्रांजेक्शन शुल्क-मुक्त क्रेडिट या डेबिट कार्ड पर ग़ौर करना चाहिए (सभी लागू शुल्कों और प्रभारों की तुलना करते हुए)।

इंटरनेशनल ट्रांजेक्शन शुल्क आम-तौर पर खरीद कीमत के करीब 3 प्रतिशत होते हैं। यदि आपके पास इंटरनेशनल ट्रांजेक्शन फीस-मुक्त क्रेडिट या डेबिट कार्ड नहीं है, तो आप निम्नलिखित करके ऑनलाइन खरीदारी करते समय इन शुल्कों से बच सकते/सकती हैं:

- यह जांच करना कि क्या ट्रांजेक्शन को विदेश में प्रोसेस किया जाएगा
- यह पूछना कि क्या आपका बैंक विशेष भुगतान कार्ड्स के लिए इंटरनेशनल ट्रांजेक्शनों को ब्लॉक करने में सक्षम है।

**ध्यान दें:** हो सकता है कि वेबसाइट से यह स्पष्ट न हो कि इंटरनेशनल ट्रांजेक्शन शुल्क लागू होगा। भले ही वेबसाइट का डोमेन नाम **'.com.au'** हो या कीमतें ऑस्ट्रेलियाई डॉलरों में दी गई हों, इसका यह अर्थ नहीं है कि व्यवसाय भुगतान को ऑस्ट्रेलिया में प्रोसेस करेगा।

### ऑस्ट्रेलियाई उपभोक्ता कानून

यदि किसी ऐसे व्यवसाय से ऑस्ट्रेलियन डॉलरों में खरीद के लिए आपसे अप्रत्याशित इंटरनेशनल ट्रांजेक्शन शुल्क लिया जाता है जो ऑस्ट्रेलिया में स्थित होता प्रतीत है, तो इसे **Australian Consumer Law** (ऑस्ट्रेलियाई उपभोक्ता कानून) के अधीन गुमराह करने वाला माना जाएगा। रिफंड का निवेदन करने के लिए आपको अपने कार्ड जारीकर्ता (जैसे कि अपने बैंक) या इंटरनेशनल कार्ड स्कीम (उदाहरण के लिए लिए मास्टरकार्ड या वीज़ा) से संपर्क करना चाहिए।

### यदि यह सही नहीं है, तो अपने अधिकारों का प्रयोग करें

यदि आपको लगता है कि आपको किसी इंटरनेशनल ट्रांजेक्शन शुल्क के बारे में गुमराह किया गया है और आप व्यवसाय या अपने बैंक के साथ इसका समाधान नहीं कर सकते/सकती हैं, तो आप ACCC को इसकी सूचना दे सकते/सकती हैं।

### अधिक जानकारी

विदेशी मुद्रा रूपांतरण सेवा जांच – अंतिम रिपोर्ट